>

Title: Need to upgrade the Government Hospital in Bhadohi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, आपने शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, हम ग्रामीण अंचल से आते हैं। काशी-प्रयाग के मध्य भदोही हमारा लोक सभा क्षेत्र है। अभी दो दिन पहले हमने एम्स की मांग की थी। हमारे क्षेत्र में जिला अस्पताल है, लेकिन एम्स का होना बहुत दूर की बात है। हम जब से सदन में आये हैं, तब से पिछले चार वर्षों से इसके लिए मांग कर रहे हैं। सारी योजना के तहत जो उसकी औपचारिकता है, वह पूरी करके जिले से जा चुकी है। प्रदेश स्तर से भी डिमांड आई है, लेकिन वह अभी दूर की बात है। लेकिन वहां जो जिला अस्पताल है, वहां जिले के अस्पताल में जो सुविधाएं होनी चाहिए, वे सुविधाएं नहीं है। हमारे यहां कालीन नगरी होने की वजह से वहां बुनकर, शिल्पी आदि लोग रहते हैं। राजीव गांधी हस्त शिल्प योजना के अंतर्गत वहां जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे सुविधाएं नहीं मिलती हैं। जिला अस्पताल में सिटी स्कैन की व्यवस्था नहीं है, हार्ट केयर मशीन नहीं है, आईसीयू नहीं है, ट्रामा सैंटर भी नहीं हैं। इसके अलावा जो सुविधाएं एक जिला अस्पताल में मिलनी चाहिए, वे सुविधाएं वहां नहीं मिल पाती हैं। गांव के लोग जब बीमार होते हैं तो वे 70-80 किलोमीटर दूर या तो इलाहाबाद जाएं या वहां से 80-90 किलोमीटर दूर वाराणसी जाएं। छोटी-मोटी चिकित्सा सुविधाएं भी जिले में उपलब्ध नहीं हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि वह ग्रामीण अंचल का अस्पताल है, उसे अपग्रेड करते हुए सिटी स्कैन, हार्ट केयर मशीन, आईसीयू और ट्रामा सैंटर आदि सुविधाओं की व्यवस्था कराने की कृपा करें।